तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 21 अगस्त 2024

11 आशा और विश्वास लेकर हमारे पास आते हैं लोग...



12 ब्रम्हाकुमारी बहनों ने जवानों को बांधी राखी





## खबर संक्षेप

### मायके जा रही महिला से उठाईगिरी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** रक्षाबंधन के दिन महिला के साथ उठाईगिरी की वारदात होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि गुढ़ियारी रायपुर निवासी एकता वर्मा रविवार शाम अपने मायके ग्राम चेटुवा जाने के लिए निकली। इस दौरान उसकी बेटी भी उसके साथ गई थी। मोहबा बाजार से टाटीबंध चौक के लिए ऑटो कर कुम्हारी स्टेशन चौक पहुंची। जहां दुकान से मिठाई एवं राखी खरीदकर फिर दूसरे ऑटो से ग्राम मुरमुंदा के लिए निकली। अपने भाई को बुलाकर बाइक से अपने मायके ग्राम चेटुवा पहुंची। घर पहुंचकर उसने अपने जेवरात वाले बैग को चेक करने पर सारे जेवरात गायब मिले। सामनों की कीमत करीब सवा लाख रुपए आंकी गई है।

### खाते से 98 हजार रुपए की ठगी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** युवक के खाते से साइबर ठगी करने वाले अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने धारा 420 के तहत कार्रवाई की है। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि पंचशील सोसायटी बोरसी निवासी डी आदीश गिरी के मोबाइल पर एक एसएमएस का लिंक आया। उसे क्लिक करने के बाद 4 अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से उसके बैंक खाते से 50 हजार, 20 हजार, 9 हजार और 19 हजार 999 रुपए की राशि गायब हुई। साइबर ठगी होने के एक घंटे के भीतर पद्मनाभपुर पुलिस थाने में शिकायत किया गया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

### खड़े ट्रक में जा घुसी कार, मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही कार सड़क किनारे खडी ट्रक के पीचे जा घुसी हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा घायल है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि भारत गैस की खाली सिलेंडर से भरी ट्रक सीजी 17 एएस 8981 सड़क किनारे आवंती बाई चौक के पहले खडी थी। इस दौरान कार सीजी 04 एमजी 0759 में राधिका नगर निवासी विनय मिश्रा और शफीक सवार था। कार सूर्या मॉल की तरफ से आई और खडी ट्रक के पीछे जा घुसी। हादसे के बाद कार के एयर बैग भी खुले। लेकिन विनय मिश्रा नहीं बच पाया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। वहीं मृतक के दोस्त की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया गया है कि विनय मिश्रा के पिता का होटल नेहरु नगर में है। कार ट्रक के पीछे इतनी बुरी तरह घुसा हुआ था कि आसपास के लोगों की मदद से युवकों को कार से बाहर निकाला गया। हादसे को देखने के लिए लोगों की खासी भीड़ उमड गई थी।

### बहनों ने सुरक्षा जवानों को बांधा रक्षासूत्र

**भिलाई।** भाई बहन का पवित्र पर्व रक्षा बंधन के अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रीना चौहान के नेतृत्व में सेक्टर 7 में स्थित सीमा सुरक्षा बल कार्यालय में जवानों के बीच राखी का पर्व मनाया गया। इस दौरान जवानों की कलाई पर बहनों ने राखी बांधकर मिठाई भी खिलाया है। विधायक प्रतिनिधि रीना चौहान ने कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन के प्रेम का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति इतनी लचीली है कि इसमें हर संस्कृति समाहित होती चली जाती है। रक्षाबंधन के अवसर पर रक्षा सूत्र में भाई के प्रति बहन के असीम स्नेह का पर्व होता है। इस दौरान शिवजी अर्पण सेवा समिति की अंजली राजनल, पूजा राजनल, सीमा चौहान, मोनिका ठाकुर, गरिमा, मोनिका सिंह, विभा मिश्रा, मुस्कान, अयंती सिंह, ललिता, संगीता साहू, ऋतु मानिकपुरी, सविता, ए.आंचल, प्रीति,प्रियंका, रामा, उज्वल, कैलाश, विनय, राहुल मौजूद थे।

# 50 लाख से बने अस्पताल भवन की गुणवत्ता पर सवाल, लोकार्पण स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

50 लाख की लागत से बना नवीन अस्पताल भवन लोकार्पण के पहले ही विवादों में आ गया है। विवाद का कारण भवन की खराब गुणवत्ता है, जिसके कारण लोकार्पण की तिथि तय होने के बाद लोकार्पण के ठीक 1 दिन पहले लोकार्पण कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।


■ 30 बिस्तर वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला

30 बिस्तर वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भवन का निर्माण जिला खनिज न्यास निधि से 50 लाख की लागत से कराया गया है। निर्माण कार्य आरईएस विभाग द्वारा कराया गया है। भवन अपनी तय तिथि से 1 साल विलंब से बना है। धीमी गति से निर्माण के बाद भी भवन की गुणवत्ता सवालों के घेरे में है। भवन की गुणवत्ता का मामला इसलिए भी गहरा गया है क्योंकि स्वास्थ्य विभाग ने 8 अगस्त को लोकार्पण की तैयारी कर ली थी। लोकार्पण का आमंत्रण कार्ड भी छपकर वितरण हो गया था, लेकिन 7 अगस्त को अचानक लोकार्पण कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। लोकार्पण कार्यक्रम स्थगित करने का काई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया।

**दबी हुई है छत-** नवीन भवन की छत बीच से दबी हुई दिख रही है। निर्माण एजेंसी को इसकी सूचना दी जाएगी।

-डॉक्टर जीआर रावटे,
खंड चिकित्सा अधिकारी

## निर्धारित तिथि से एक दिन पहले लोकार्पण कार्यक्रम स्थगित



### भवन में लगा ताला

बताया गया कि विकासखंड में 20 जुलाई से लगातार बारिश हो रही थी। 8 अगस्त को लोकार्पण कराने की तैयारी के संबंध में जब अस्पताल भवन में तैयारी चल रही थी उसी दौरान कुछ लोग अस्पताल भवन की छत पर चले गए। अस्पताल भवन की छत का दृश्य देख लोग दंग रह गए, क्योंकि भवन की छत में तालाब की तरह पानी भरा हुआ था। इसकी सूचना जब फैली तो आनन फानन में लोकार्पण कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। इसके साथ ही अस्पताल भवन में ताला जड़ दिया गया, जिससे वहां कोई नहीं जा सके। अस्पताल भवन में लगे सामान अभी से उखड़ने लगे हैं। मंगलवार को अस्पताल भवन का निरीक्षण किया गया था, अस्पताल भवन की छत का मध्य भाग स्पष्ट रुप से दबा हुआ दिख रहा था। अर्थात अस्पताल भवन की छत निर्माण के तुरंत बाद ही दब चुकी है एवं त्रुटि पूर्ण भवन का स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित करने की जल्दबाजी निर्माण एजेंसी द्वारा की गई है।



## प्रदर्शन : निर्माण शुरू नहीं होने के कारण वापस चली गई स्वीकृत राशि

# भरदाकला में शाला भवन की मांग को लेकर बच्चों ने किया चक्काजाम







हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

ग्राम भरदाकला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के जर्जर भवन के लिए पूर्ववर्ती सरकार में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत 6 अतिरिक्त कक्षा निर्माण के लिए 48 लाख रुपए की स्वीकृत हुए, किंतु काम नहीं हुआ। वहीं, प्रदेश में सरकार बदलने के बाद राशि वापस चली गई। इससे निर्माण नहीं हो सका। इसके विरोध में स्कूली बच्चों, पालकों ने शिक्षकों के साथ चक्काजाम कर दिया। इस दौरान कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद विशेष रूप से उपस्थित थे। इस बीच चक्का जाम की खबर मिलते ही जिले भर से पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग के सभी बड़े अधिकारी चक्का ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ अधिकारियों द्वारा 6 सितंबर तक काम शुरू करने के लिखित आश्वासन के बाद खुला जाम

### स्कूली बच्चों ने एसडीएम को बताई समस्या

स्कूली बच्चों ने उपस्थित अधिकारियों को अपनी समस्याएं बताई कि किस तरह इस साल उनको पढ़ाई लिखाई करने में तकलीफ हो रही है। बच्चों ने बताया कि यहां बैठकर पढ़ने के लिए कोई उचित भवन नहीं है। भवन की राशि जो आई थी, वह भी वापस चली गई और अब नया भवन कब बनेगा यह अभी किसी को पता नहीं है। साथ ही स्कूल में शिक्षकों की भी बहुत कमी है, जिसके चलते पढ़ाई लिखाई करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



### विधायक निषाद ने दी चेतावनी

चक्काजाम का नेतृत्व करते हुए कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद ने आगामी 6 तारीख तक का समय विभाग को दिया है। उन्होंने कहा कि यदि 6 तारीख तक भवन निर्माण–कार्य प्रारंभ नहीं होता है, तो एक बार फिर हम लोग चक्काजाम करेंगे।

### दो साल पहले बच्चे पर गिरा था मलबा, आज भी है बीमार

ग्राम भरदाकला में हायर सेकेंडरी स्कूल का प्रारंभ सन 1990 के पूर्व हुआ था और यह जर्जर भवन जो तोड़ा गया है, वह 1990 में ग्राम पंचायत भरदाकला के पूर्व सरपंच मनीराम बोरकर व हिमलेश्वरी देवांगन के कार्यकाल में बना था और वह भवन पूरी तरह जर्जर हो गया था। मिली जानकारी के अनुसार आज से 2 साल पहले स्कूल में पढ़ रहे एक बच्चे के ऊपर जर्जन भवन की छत का मलबा गिर गया था, जिसमें उसको गंभीर चोट आई थी, जिसके कारण वह छात्र आज भी बीमार है। लेकिन, उसे शासन प्रशासन से आज तक कोई सहयोग नहीं मिला। उनके पालक ने बताया कि घटना के बाद से बच्चा आज भी बीमार है और उसे झटका आता रहता है।

# सोने-चांदी के जेवर की ठगी, पुलिस के हत्थे चढ़े दो आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गांव–गांव घूमकर परिवार के बारे में जानकारी लेकर पूजा–पाठ का झांसा देकर सोने व चांदी के जेवरात की ठगी करने के आरोप में अर्जुंदा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, वहीं एक आरोपी फरार है, जिसकी पता तलाशी जारी है। धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

■ अर्जुंदा थाना पुलिस ने की कार्रवाई

बालोद पुलिस ने बताया कि मामले में प्रार्थिया ने एक लिखित आवेदन में बताया था कि 14 अगस्त को दोपहर करीबन 12.45 बजे प्रार्थिया के घर के पास दो अज्ञात महिलाएं प्रार्थिया के घर में चावल दाल मांगने आये थे, जो प्रार्थिया के घर परिवार व पति के बारे में पूछकर प्रार्थिया के पति जो जेल में है, जिसके बारे में जानकर उन्हें जेल से छुड़ाने के नाम पर पूजा पाठ कर जेल से छूट जाने का झांसा देकर धोखाधड़ी कर प्रार्थिया के पास से इस्तेमाली 01 नग सोने की पत्ती दो जोड़ी चांदी की पायल को ठगी कर ले गये है। रिपोर्ट पर अपराध धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबीर की सूचना पर ग्राम कसहीकला थाना सुरेगांव जिला बालोद निवासी ज्योति राज पति स्व गौतम राज 35 साल, ग्राम कसहीकला की ही कुंती मरकाम पति स्व मिथुन मरकाम 40 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया। उन्होंने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि 14 अगस्त को करीबन 12.45 कुन्ती बाई व ज्योति राज व सुनिता देवारीन तीनों साथ में मोहंदीपाट गये थे। वे गांव में अलग–अलग घर जाकर चावल दाल मांगने का काम कर रहे थे। ग्राम मोहंदीपाट के एक घर में कुन्ती बाई व ज्योति राज गई थी जहां एक महिला थी, इस दौरान सुनिता देवारीन घर के बाहर निगरानी कर रही थी, जहां उक्त महिला से उनके घर व परिवार के बारे में जानकारी लेकर उनके पति को जेल से छुडाने का झांसा देकर पूजा–पाठ करने के नाम पर घर में ▶▶|शेष पेज 10 पर

# पलारी में नहीं थम रहा डायरिया का प्रकोप, प्रतिदिन आ रहे 5-7 मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत की लापरवाही से ग्राम पलारी में डायरिया फैल गया है। अब तक 50 से अधिक ग्रामीण इसके शिकार हो चुके हैं। वहीं अब भी रोज 5–7 मरीज सामने आ रहे हैं। डायरिया से ग्रसित होने के बाद ठीक होकर घर पहुंची एक महिला की मौत भी हो चुकी है, जिसे स्वास्थ्य विभाग हदय संबंधित बीमारी से मौत होना बता रहा है।

■ अब तक 50 से ज्यादा ग्रामीण हो चुके डायरिया के शिकार

ग्राम पलारी में बीते 4 दिनों से डायरिया का प्रकोप बढ़ गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत ने पानी टंकी की सफाई नहीं कराई। चेंबर की भी सफाई नहीं कराई एवं पाइपलाइन के



वाल्वो की भी मरम्मत नहीं कराई, जिससे ग्रामीणों को गंदा पानी नलों से मिल रहा था। ग्रामीणों ने पंचायत में इसकी शिकायत भी की कि नलों से पानी गंदा आ रहा है एवं पानी में कीड़ा भी आ रहा है, लेकिन पंचायत ने ध्यान नहीं दिया, नतीजा यह हुआ कि ग्राम में डायरिया ने अपना पैर पसार लिया। ग्राम में डायरिया का ▶▶|शेष पेज 10 पर

# आरक्षण के कोटे पर कोटा को लेकर प्रदर्शन आज

**कुसुमकसा।** छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक डोंडी के तत्वावधान में 1 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के आरक्षण के कोटे पर कोटा(उपवर्गीकरण) एवं ओबीसी आरक्षण में लागू क्रीमीलेयर की बाध्यता को खत्म किए जाने के फैसले का विरोध में कुसुमकसा बालोद तिराहे पर धरना प्रदर्शन व आमसभा का आयोजन 21 अगस्त को किया गया है। मोहन सिंद्रामे अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज डोंडी ब्लॉक ने बताया कि व्यापारी संघ कुसुमकसा ने बंद का समर्थन किया है। डोंडी ब्लॉक में सुबह 6 बजे से शाम 6बजे तक कुसुमकसा बालोद तिराहे पर, मानपुर चौक, दल्लीराजहरा व मथई चौक डोंडी में शांतिपूर्ण ढंग से रैली एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कुसुमकसा व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रकाशचंद कुचेरिया ने बंद का समर्थन करते हुए समस्त व्यापारियों से अति आवश्यक ▶▶|शेष पेज 10 पर

# रीवांगहन के ग्रामीणों ने डीईओ से की प्रधानपाठक की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शाला प्रबंधन समिति रीवागहन के सदस्यों ने शासकीय प्राथमिक शाला रीवागहन प्रधानपाठक प्रकाश सिंह उर्वशा के खिलाफ जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन सौपा है। ग्रामीणों ने उक्त शिक्षक का नशे की हालत का वीडियो व फोटो भी अधिकारी को उपलब्ध कराया है।

■ हटाने की मांग को लेकर सौंपा आवेदन

आवेदन में कहा गया है कि प्रकाश सिंह उर्वशा जो कि



प्रधानपाठक के पद पर ग्राम रीवागहन में पदस्थ हैं, वे नियमित शराब सेवन करके विद्यालय आते हैं। पूर्व में भी दो बार उनकी शिकायत विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय डौण्डीलोहारा से की जा चुकी है, किन्तु कोई



कार्रवाई नहीं की गई। इससे उक्त शिक्षक के आचरण में कोई बदलाव नहीं आया है। अभी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन भी वह नशे में धुत होकर विद्यालय आया था। जिसका वीडियो बनाकर सीएसी के माध्यम से ▶▶|शेष पेज 10 पर

## शासकीय कॉलेज मैदान में लाखों खर्च के बाद भी युवा निराश

# कॉलेज मैदान में भारी अव्यवस्था, नहीं हो पा रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिलास्तर पर खेल के प्रति युवाओं को आकर्षित करने तथा उनकी प्रतिभा को निखारने का काम स्कूल कॉलेज से ही आरंभ होता है। लेकिन, जिला मुख्यालय स्थित कॉलेज मैदान की स्थिति देखकर युवा किस प्रकार से इस खेल मैदान का उपयोग कर अपने खेल को निखारें, यह सवालों के घेरे में है।

कोई भी खेल की नीव अच्छे मैदान की सुविधा से होती है। अगर अच्छे मैदान की सुविधा मिले, तो युवाओं को खेलने के साथ चोट लगने की गुंजाइश बहुत कम होती है।



### पार्किंग में ही हो रहे कई खेल

सोचने वाली बात यह है कि कॉलेज प्रबंधन भी कॉलेज में आयोजित कोई भी खेल प्रतियोगिता इस मैदान पर कराने से पहले दस बार सोच रहा है। वर्तमान में आयोजित कुछ खेलों को तो कॉलेज प्रबंधन द्वारा पार्किंग स्थल पर ही समतल जगह देखकर करवाया जाता है। इससे ऐसा लगता है कि लाखों खर्च करने के बाद भी गुणवत्ताहीन निर्माण ने कॉलेज के युवाओं को एक अच्छे मैदान से वंचित कर दिया है।

इसलिए शासन-प्रशासन द्वारा लाखों खर्च कर खेल मैदानों को संवारने सजाने का काम तो किया जा रहा है, लेकिन गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण युवा व बच्चे इन मैदानों में खेलने की जगह सिर्फ घूमने या टहलने के लिए उपयोग करते हैं।

जिला मुख्यालय स्थित कॉलेज मैदान इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। नगर पालिका से मिली जानकारी के अनुसार लगभग एक वर्ष पहले शासकीय कॉलेज मैदान में सिटिंग और ग्राउंड निर्माण के लिए 76.47 लाख रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुई थी, जिससे आशा की किरण दिखी थी कि जिला मुख्यालय का सबसे अच्छा मैदान ▶▶|शेष पेज 10 पर

### अहेरी में मिले शव की नहीं हो पाई शिनाख्त

**भिलाई।** नंदिनी थाना क्षेत्र में युवक का शव तालाब में मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पुलिस पहुची और शव का शिनाख्त का प्रयास किया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम अहेरी चुनरी खार मुरम खदान तालाब में अज्ञात युवक की लाश मिली है।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# बीएसपी कर्मियों के एलटीसी, एलटीए का मामला पहुंचा न्यायालय

## असिस्टेंड लेबर कमिश्नर की सुनवाई में बीएसपी व एचएमएस ने एफओसी जाने दी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों एलटीसी व एलटीए का विवादित मामला न्यायलय पहुंच गया है। यूनियन को कर्मियों के पक्ष में न्याय मिलने की उम्मीद है। असिस्टेंट लेबर कमिश्नर (केंद्रीय) की सुनवाई में एचएमएस ने मामले में प्रभावी ढंग से कर्मियों का पक्ष रखा । दोनों पक्षों के अडिग होने पर एफओसी जाने दी सहमति

भिलाई श्रमिक सभा एचएमएस यूनियन द्वारा असिस्टेंट लेबर कमिश्नर (केंद्रीय) रायपुर के समक्ष लगाए गए परिवाद में यूनियन ने एलटीसी एवं एलटीए के मद में कर्मचारियों ने सब ब्लॉक ईयर 2021-2023 के लिए जो राशि आहरित की थी, प्रबंधन ने नवंबर 2022 से जनवरी 2023 के बीच इस राशि की पूरी रिकवरी कर ली थी। यूनियन के महासचिव प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि परिवाद में यूनियन ने इस कटौती को गलत ठहराया। यूनियन का पक्ष था कि सब ब्लॉक ईयर 2019- 2021 को यदि मान्य कर भी लिया जाए तो अप्रैल 2021 से 17 नवंबर 2021 के बीच का एलटीसी एवं एलटीए का नगदीकरण का पैसा कैसे रिकवर कर लिया गया । यह गैरकानूनी है क्योंकि सब ब्लॉक ईयर समाप्त होने के दो माह पूर्व ही रिकवरी की गई है। जानकारी पूर्व में कर्मचारियों को नहीं दी गई । प्रबंधन ने जवाब में तर्क दिया कि जब 18 नवंबर 2021 से वेरिएबल पर्क लागू हो गया तब कर्मचारियों को एलटीसी /एलटीए लेकर यात्रा करना था तथा टिकट दिखाकर इनकम टैक्स में छूट प्राप्त करनी थी, हमें कॉरपोरेट ऑफिस से रिकवरी करने का आदेश मिला है।

### कर्मियों के पक्ष में यूनियन की दलीलें

जब सब ब्लॉक किया समाप्त होने के दो माह पूर्व रिकवरी की जानकारी दी जाएगी तो कर्मचारी 2 माह के बीच में एलटीसी/एलटीए कैसे ले सकेंगे जबकि पर्क का बास्केट भी अगस्त 2022 में लाया गया उस समय भी रिकवरी की जानकारी नहीं दी गई जो तर्कसंगत नहीं है। फिर कर्मियों को एलटीसी/एलटीए का नगदी कारण मिलता रहा है जो हमारे फिक्स पर्क का हिस्सा है एक तो रिकवरी करना गलत है दूसरा यदि रिकवरी की भी गई तो कर्मचारियों का 1 अप्रैल 2021 से 17 नवंबर 2021 तक का फिक्स पर्क का भाग क्यों रिकवरी किया गया तथा जिन कर्मचारियों ने एलटीसी/ एलटीए नगदीकरण नहीं किया उन्हें भी 1 अप्रैल 2021 से 17 नवंबर 2021 तक का एलटीसी/एलटीए नगदीकरण का हिस्सा दिया जाना था।जिन कर्मचारियों ने एलटीसी/एलटीए नगदीकरण कराया था उन कर्मचारियों ने तीन दिन की छुट्टी ली थी उन्हें उनकी छुट्टी वापस करनी थी लेकिन प्रबंधन ने ऐसा नहीं किया।




### एफओसी जाने दोनों पक्ष सहमत

दोनों पक्षों को सुनने के बाद कॉन्सिलेशन ऑफिसर सहायक श्रमायुक्त (केंद्रीय) रायपुर ने बताया कि इस संबंध में कई बैठकें हो चुकी है, दोनों पक्ष अपनी अपनी मांग पर अडिग है । अब एफओसी किया जाना उचित होगा । इस पर दोनों पक्षों में सहमति प्रदान की। अब यह मामला सेंट्रल लेबर कमिश्नर के माध्यम से अंडर सेक्रेटरी (श्रम मंत्रालय) द्वारा सेंट्रल गवर्नमेंट इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल कम लेबर कोर्ट जबलपुर में भेजा जाएगा। आगे की सुनवाई न्यायालय में होगी। परिवाद की सुनवाई के समय यूनियन की ओर से यूनियन के अध्यक्ष हरीराम यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदित्य माथुर, महासचिव प्रमोद कुमार मिश्र तथा प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक नियमन अनुराधा सिंह एवं सहायक महाप्रबंधक तुषार राय चौधरी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### कुसुमकानन मंदिर से निकली शिवनाथ पदयात्रा

**भिलाई**। शिव मंदिर कुसुम कानन मंदिर से पांचवे सावन सोमवार पर 72 शिवभक्तों की शिवनाथ पद यात्रा निकली। भक्तों ने मंदिर में जल कलश अभिषेक किया और महाप्रसाद भोग लगाया। संयोजक निर्मलचंद्र शर्मा ने बताया कि 38 वें वर्ष के कांवड़यात्रा में भक्तों ने सामूहिक पूर्जाअर्चना की। रात मे कलश में जलभरकर अभिषेक किया।

### एम पापाराव बने गंगाधर सेवा संगम के अध्यक्ष



**भिलाई**। श्री गंगाधर सेवा संगम (डोकुलापाडू) भिलाई का चुनाव पिछले दिनों संपन्न हुआ। इसमें नए पदाधिकाारियों का निर्वाचन हुआ। अध्यक्ष एम पापाराव चुने गए। मुख्य चुनाव अधिकारी के. उमाशंकर राव ने बताया कि मतगणना शाम 7.30 बजे से प्रारंभ होकर रात 1 बजे तक पूर्ण हुई। सहायक चुनाव अधिकारी एम. अप्पाराव, टी. बबुलू , एम. ईश्वर राव, के. पापाराव ने चुवाव सम्पन्न करने में अपनी जिम्मेदारी निभाई। निर्वाचन के बाद अध्यक्ष एम पापा राव, महासचिव वी अप्पाराव, कोषाधिकारी पी कामेश्वर राव, उपाध्यक्ष पी यरन्ना, उप महासचिव एम आदिनारायण, सह सचिव वी कामेश्वर राव, उप कोषाधिकारी ए कृष्णा ने जीत हासिल की। उक्त चुने हुए प्रतिनिधियों का कार्यकाल वर्ष 2024 से 2027 तक होगा।

### लोधी समाज की शोभायात्रा



**भिलाई**। शहर में मंगलवार को लोधी समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ भोजली पर्व के उपलक्ष्य में आकर्षक शोभा यात्राएं निकली। मनमोहक झांकियों और बाजे गाजे के साथ निकली शोभायात्रा लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। लोधी समाज द्वारा शीतला तालाब क्षेत्र से निकली शोभायात्रा में महिलाएं सर पर भोजली की टोकनी रखी हुई थी व देवी देवताओं के प्रतिरूप की झांकियां भी शामिल थीं। वहीं अवंतिबाई चौक कोहका से लोधी समाज की दूसरी शोभायात्रा निकली।

## लाखों वाहनों का बोझ नहीं झेल पा रहीं संकरी व जर्जर सड़कें

# महानगर की तरह बढ़ रहा ट्रैफिक लेकिन विकसित नहीं हुआ सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

महानगर के रुप में आकार ले रहे भिलाई में बढ़ता फर्राटा कल्चर जानलेवा साबित हो रहा है। जल्दी गंतव्य स्थल पहुंचने की कोशिश दुर्घटना में तब्दील हो रही है। ट्रैफिक की समस्या के लाइलाज होने का खामियाजा वाहनचालकों के साथ राहगीरों को भी भुगतना पड़ रहा है।

शहर में बढ़ता ट्रैफिक रोजाना किसी न किसी की जान ले रहा है और अपाहिज कर रहा है। पटरीपार क्षेत्र के साथ खुले स्पेस वाले बीएसपी टाउनशिप में भी आवागमन जोखिमपूर्ण और दुर्घटनाजन्य होता जा रहा है। व्यस्ततम सड़कों के साथ अंदरुनी इलाकों में भी तेजी से ट्रैफिक बढ़ा है। पिछले दस साल में वाहनों की संख्या तीन गुना बढ़ गई है। सीएएफ फ्लाईओवर नेहरुनगर चौक से लेकर खुर्सीपार डबरापार तक फोरलेन, जुनवानी कोहका कुरुद रोड, हाउसिंग बोर्ड गौरवपथ, सुपेला चौक से अवंतीबाई चौक, नेहरुनगर चौक स्मृतिनगर रोड, खुर्सीपार कैंप रोड, 18 नंबर व लिंक रोड आदि के साथ टाउनशिप में सेंट्रल एवेन्यू, फारेस्ट एवेन्यू, ग्लोब चौक डीपीएस रोड, प्रगतिनगर रोड, सेक्टर एक रोड आदि प्रमुख मार्गों पर दोपहर के दो घंटे छोड़ दें तो, हर वक्त वाहनों का रेला होता है। चौकों पर जाम की स्थिति होती है। शहर व आबादी के विस्तार के साथ ट्रैफिक के भी बढ़ने से अवागमन दुरुह के साथ हादसों का सिलसिला बढ़ रहा है। औसत रोज दस से बीस दुर्घटनाएं हो रही हैं। इनमें हर एक दिन के अंतराल में मौत हो रही है और लोग विकलांग हो रहे हैं। पिछले एक साल में 50 से अधिक लोगों की मौत और डेढ़ से से अधिक लोग अपाहित हो चुके हैं। जानकारों के मुताबिक ट्रैफिक के जानलेवा होने का कारण अव्यस्थित ट्रैफिक सिस्टम, वाहनों की बढ़ती संख्या, जर्जर सड़कें, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, रफ्तार, आवार मवेशी ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही और ट्रैफिक सेंस की कमी आदि कारणों से हादसे बढ़ रहे हैं। सोमवार को अवंतीबाई चौक के निकट जुनवानी रोड पर एक कार सिलेंडर से भरे खड़े ट्रक से टकराने से दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। इसके पूर्व सेंट्रल एवेन्यू सेक्टर 7 तिराहे पर तेज रफ्तार बाईकचालक ने सड़क पार करती एक महिला को जबरदस्त ठोकर मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया था।

### ड्रग व फर्राटा कल्चर से शहर में बढ़ी दुर्घटनाएं





### कमजोर ट्रैफिक सिस्टम व जागरुकता की कमी


शहर की बसाहट और जनसंख्या बढ़ने के साथ वाहनों की भी तादाद तेजी से बढ़ी है। इस पर कमजोर ट्रैफिक सिस्टम और वाहनचालकों में जागरुकता (ट्रैफिक सेंस) की कमी हादसों की संख्या बढ़ा रहा है। भिलाई में लोकल दोपहिया व कार आदि वाहनों की संख्या 2 लाख से अधिक है। एक लाख से ऊपर कमर्शियल गाड़ियां है। इनके अलावा 20 हजार से अधिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट हैं। इनके अलावा फोरलेन व उतई पाटन रोड आदि से रोज करीब 4 लाख बाहर के वाहन गुजरते हैं। ट्विनसिटी की आबादी 15 लाख से अधिक हो रही है। महानगर में तब्दील हो रहे शहर के इतने बड़े ट्रैफिक के अनुरुप हमारा ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम एंडवास हो पाया है और न ही शहर की सड़कें ही इस लायक बनाई जा सकी हैं। ट्रैफिक समस्या के निदान के लिए मुंबई, दिल्ली और बैंगलुरु की तरह ट्रैफिक व्यवस्था को विकसित किए जाने की जरुरत है। लाखों वाहनों का बोझ संकरी, जर्जर सड़कें झेल नहीं पा रही हैं।

### नशा और आवारा मवेशी से हादसे

शहर में अधिकतर दुर्घटनाओं की वजह नशे में वाहन चलाने, आवारा मवेशी और टीनएज व युवावय लोगों द्वारा स्पीड से गाड़ियां चलाना है। ट्रैफिक पुलिस के सूत्रों के मुताबिक अधिकांश हादसे नशे में वाहन चलाने और स्पीड के कारण हो रहे हैं। विदित हो कि कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि एक नशा करने वाला वाहनचालक आत्मघाती बम की तरह होता है। फोरलेन और सेंट्रल एवेन्यू सहित शहर की सभी सड़कों और वार्डों के अंदर आवारा मवेशियों के विचरने से दुर्घटनाएं बढ़ रही है। जिला अस्पताल व सेक्टर नौ हास्पिटल के ट्रामा व आर्थो विभागों में 90 प्रतिशत मरीज आवारा मवेशी व नशे की वजह से दुर्घटना वाले आते हैं। इसी तरह किशोरों व युवावय बच्चे तेजी से गाड़ियां चला रहे हैं। फिर हेलमेट अनिवार्य होने के बाद भी सभी लोग इसका उपयोग नहीं कर रहे हैं।

# युक्तियुक्तकरण के निर्देशों के विरोध में शिक्षक संघर्ष मोर्चा का आंदोलन कल से

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद




युक्तियुक्तकरण के निर्देशों के विरोध में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ज्ञापन सौंपेगा। शालेय शिक्षक संघ की वर्चुअल प्रांतीय बैठक में मोर्चा ने चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

शिक्षक संघ ने कहा कि उटपटांग नियम बनाकर, छत्तीसगढ़ शासन की छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी, मुख्यमंत्री संज्ञान लें, छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा को बुलाकर चर्चा करें, तो जरूर समाधान निकलेगा। शालेय शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने वर्चुअल प्रांतीय बैठक कर युक्तियुक्तकरण के निर्देश व शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश स्तर पर बने छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा के संदर्भ में बताया कि 22 अगस्त से चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने युक्तियुक्तकरण व ऑनलाइन अवकाश के निर्देशों की आलोचना की तथा कहा कि इन नियमों से विद्यार्थी व शिक्षक दोनों के लिए हानिकारक है। बालोद जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी व प्रदेश मीडिया प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि संघर्ष मोर्चा अब 21 की जगह 22 अगस्त को ज्ञापन सौंपेगा। शालेय शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, नवीन शिक्षक संघ द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा का गठन किया है, जिसमें 2 अगस्त को जारी युक्तियुक्तकरण नियम का विरोध करने, ऑनलाइन उपस्थिति पर आपत्ति करने सहित मूल मांगों के लिए संघर्ष करने का निर्णय लिया गया है।

■ शालेय शिक्षक संघ की वर्चुअल प्रांतीय बैठक में लिया गया निर्णय

### विरोध के लिए इस तरह की रणनीति

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संचालक वीरेंद्र दुबे, संजय शर्मा, मनीष मिश्रा, विकास राजपूत ने चरणबद्ध आंदोलन की जानकारी देते हुए कहा है कि 22 अगस्त को सभी जिले में कलेक्टर व डीईओ को ज्ञापन देंगे, 23 अगस्त से 28 अगस्त तक मंत्री, संसद व विधायक को ज्ञापन देंगे, 2 व 3 सितम्बर को सचिव व डीपीआई को ज्ञापन देंगे। 9 सितम्बर को सभी जिला मुख्यालय में धरना, प्रदर्शन किया जाएगा, समयानुसार राजधानी में प्रदर्शन किया जाएगा।

## सावन माह के प्रथम दिवस से शिव मंदिर में जारी अभिषेक और रुद्राभिषेक का समापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

सावन माह की अंतिम सोमवार को संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण कैम्प 01 परिसर में स्थित शंकर जी के मंदिर में सावन माह के अंतिम दिवस रुद्राभिषेक हवन विधि विधान के साथ पंडित आचार्य ओमप्रकाश द्विवेदी के द्वारा संपन्न कराया गया इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे हवन और आरती के उपरांत श्रद्धालुओं को खिचड़ी और हलवा का प्रसाद वितरित किया गया आचार्य पंडित ओमप्रकाश द्विवेदी ने बताया कि सोमवार सावन माह के प्रथम दिवस से ही लगातार मंदिर परिसर में स्थित शिवजी के मंदिर में रुद्राभिषेक का कार्य प्रतिदिन जारी है सैकड़ो की संख्या में शिव भक्ति मंदिर परिसर में रोजना आकर अभिषेक और रुद्राभिषेक के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर रुद्राभिषेक और अभिषेक करते हैं यह प्रक्रिया पिछले कई वर्षों से जारी है आज सावन माह का अंतिम दिवस सौभाग्य से सोमवार का दिन होने की वजह से मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा ही उमड़ा था सुबह से ही मंदिर परिसर में अभिषेक और रुद्राभिषेक का कार्यक्रम संपन्न हुआ तदुपरांत हवन का कार्य पंडित ओमप्रकाश द्विवेदी के मंत्र उच्चारण के बीच श्रद्धालुओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ कार्यक्रम उपरांत खिचड़ी और हलवा का भोग वितरण किया गया।

■ हवन, भोग भंडारे में श्रद्धालुओं ने लिया भाग

## यूआरएम में आरसीएल कर्मियों को मिली लॉकर की सुविधा


**भिलाई**। भिलाई इस्पात संयंत्र के यूआरएम में आरसीएल कर्मचारियों को लांकर सुविधा उपलब्धहो गई है। इसके लिए बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने प्रबंधन से मांग की थी। इससे कर्मियों को सुविधा होगी। यूनियन के नवीन कुमार ने बताया कि आरसीएल विभाग के कार्मिको ने शिकायत दर्ज कराया था कि उनको समान रखने के लिए लॉकर की सुविधा , शौचालय तथा रेस्ट रुम की सुविधा नही दिया गया है। बीएकेएस ने यूआरएम के मुख्य महाप्रबंधक , ईडी , उप निदेशक को भेजे मांग पत्र पर उप निदेशक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ने संज्ञान लेकर माँगो को पुरा कराने का निर्देश दिया था ।

### ग्रामीणों ने लगाया सफाई पर ध्यान नहीं देने का आरोप

# परसाही में पसरी गंदगी, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लाटाबोड़





विकासखंड बालोद अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरी के आश्रित ग्राम परसाही के ग्रामीण चावेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि गांव में गंदगी पसरी हुई है। दुर्गंध से ग्रामीण परेशान हैं। गांव के वार्ड पंच एवं सरपंच साफ सफाई पर पिछले 2 साल से ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ा रहा है। ग्राम बोरी के पुराना पारा के ग्रामीण रामकुमार साहू नेमसिंह साहू श्यामसुन्दर साहू गौराम यादव सोहन लाल महार ने बताया कि ग्राम की गलियों की साफ सफाई पेयजल बिजली का टैक्स हर महीने देते हैं लेकिन, सफाई नहीं होने के कारण लोग गंदगी से परेशान हैं। सफाई करवाने के लिए सरपंच को कई बार बोल चुके हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि नाली की सफाई व पेयजल टंकी की सफाई ग्रामीण फण्ड से करते हैं। उन्होंने बताया कि नाली पक्की नहीं होने से वार्ड क्रमांक 8 स्थित रेशु राम के घर पानी भर जाता है। वार्ड क्रमांक 6 में ठाकुरदाई पहुंच मार्ग नहीं बन सका। सार्वजनिक शौचालय की सफाई नहीं हो रही है, दरवाजा दो सालों से टूटा पड़ा है। शौचालय में गन्दगी भरी पड़ी है। वहीं, गौठान में मुरुम नहीं डालने से मवेशी बैठ नहीं पाते। ग्रामीणों ने कहा कि हाल ही में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए बालोद जनपद सीईओ ने ग्राम पंचायत बोरी के सरपंच और सचिव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया, लेकिन यहां स्थिति बिल्कुल उलट है।

पेज 9 के शेष...

### भरदाकला में शाला...

जाम स्थल पर पहुंचे एवं भीड़ को हटाने का प्रयास किया, किंतु वे सफल नहीं हुए। उसके बाद अपने उच्च अधिकारी को इसके संबंध में जानकारी दी। उसके बाद इस मामले पर लिखित आदेश जारी किया गया।इसके अनुसार आगामी 6 तारीख तक का समय निर्धारित किया गया जिसमें शाला भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा और यह भी कहा गया कि अगर शिक्षा विभाग से इसका निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होता है, तो जिले के डीएमएफ मद से स्कूल भवन का निर्माण कराया जाएगा।

**फरवरी-मार्च में डिस्मेंटल किया जा चुका है भवन-** भवन डिस्मेंटल के संबंध में जानकारी लेने पर यह पता चला कि जब भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हुई, तब कुछ दिन बाद आचार संहिता लग गई और काम रोकना पड़ा। किंतु जैसे ही आचार संहिता हटी उसके पश्चात एसडीएम के आदेश अनुसार स्कूल भवन को फरवरी मार्च में डिस्मेंटल कर दिया गया। किंतु जैसे ही वहां के मलबे को हटाया गया, तभी सूचना मिली कि स्वीकृत राशि वापस चली गई है। उसके बाद आज तक भवन निर्माण नहीं हो पाया और बच्चे इधर–उधर बैठकर पढ़ने के लिए मजबूर हो गए। बच्चों ने कई बार शाला भवन निर्माण व शिक्षकों की कमी को लेकर अपनी बात ऊपर तक पहुंचाने का प्रयास किया, किंतु किसी भी अधिकारी ने उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया और नजर अंदाज कर दिया। कुछ दिन पहले क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद भरदा कला स्कूल पहुंचे और पालकों एवं शिक्षकों की बैठक लेकर इन सारी बातों को संज्ञान में लिया। उन्होंने अपनी बातों को शासन-प्रशासन तक पहुंचने के लिए 20 अगस्त को एक दिवसीय सांकेतिक चक्का जाम करने का निर्णय लिया।

### सोने-चांदी के जेवर...

रखे सोने व चांदी के जेवरात 01 नग सोने की पत्ती व दो जोड़ी चांदी का पायल ले गये थे, जिसे तीनों बंटवारा कर लिया था।

विवेचना के दौरान प्रकरण में आरोपियान ज्योति राज से सोने की पत्ती व कुन्ती मरकाम से एक जोड़ी पायल बरामद कर जब्त किया गया है व विधिवत गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण के अन्य आरोपिया सुनिता मरकाम फरार है, जिसकी पता तलाशी की जा रही है।

### पलारी में नहीं थम...

प्रकोप बढ़ने के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी की स्वास्थ्य टीम के साथ ब्लॉक की स्वास्थ्य टीम ने पलारी में कैंप लगा लोगों का उपचार कर रही है, अब स्थिति नियंत्रण में है एवं कोई भी मरीज खतरे की स्थिति में नहीं है। ग्राम की एक महिला की मौत डायरिया से ग्रसित होने के कुछ दिन बाद हुई है, ग्रामीणों ने बताया कि जिस महिला की मौत हुई है, वह डायरिया से ठीक होने के बाद घर आ गई थी एवं घर व खेत का कार्य भी कर रही थी, रात्रि में अचानक सीने में दर्द की शिकायत के बाद उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी की जा रही थी इस बीच महिला की मौत हो गई।

**स्वास्थ्य विभाग ने पंचायत पर फोड़ा ठीकरा-** खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जीआर रावटे ने बताया हमारे द्वारा पंचायतों को बरसात के पूर्व ही एडवायजरी पत्र जारी कर पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त कर सफाई के लिए कहा गया था। लेकिन पलारी पंचायत ने ध्यान नहीं दिया, ग्रामीणों ने इलाज के दौरान बताया था कि पंचायत के नलों से कीड़ा युक्त पानी आ रहा था, पाईपलाइन के जोड़ में वाल्व गंदगी के मध्य था, पाइपलाइन के चेंबर में गंदा पानी भरा था, जिससे घरों में गंदा पानी आ रहा था, वर्तमान में धमतरी जिला के नगर पंचायत आमदी से ग्राम पलारी में टैंकर से पानी आपूर्ति की जा रही है।

### आरक्षण के कोटे...

सेवाओं को छोड़कर अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की है। अखिल भारतीय हल्बा/हल्बी आदिवासी समाज कुसुमकसा ब्लॉक के अध्यक्ष छत्तर सिंह कोमा ने भी बंद का समर्थन किया है। उन्होंने कुसुमकसा ब्लॉक के समस्त सर्किल अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष, युवा प्रभाग अध्यक्ष सहित समस्त सामाजिक बंधुओं से उपस्थित होने की अपील की है। कोमल धुर्वे अध्यक्ष गोंडवाना समाज कुसुमकसा सभी सामाजिक बंधुओं से अपने हक एवं अधिकार के लिए किए जा रहे शांतिपूर्ण आंदोलन में बढ़-चढ़ कर सहभागिता दर्ज कराने की अपील की है।

### रीवांगहन के ग्रामीणों...

तथा शाला प्रस्ताव भी कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डौण्डीलोहारा को भेजा गया था, किन्तु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अभी भी उक्त शिक्षक नशे में विद्यालय आता है, जिससे बच्चे डरे रहते हैं और हमें भी अपने बच्चों की चिंता रहती है और कार्रवाई न होने पर हमें आपके पास आना पड़ा है। इसलिए उक्त शिक्षक प्रकाश सिंह उर्वशा को तत्काल वहां से हटाया जाए। ग्रामीणों ने कहा नहीं हटाए जाने पर विद्यालय में ताला बंद करके प्रदर्शन करने को हम मजबूर रहेंगे।

### कॉलेज मैदान में...

कॉलेज मैदान बनेगा, लेकिन एक साल बाद यहां की स्थिति को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है, कि इस मैदान में खेलना तो दूर चलने के लिए भी लोगों को सोचना पड़ेगा।

**दूर से खूबसूरत, पास आने पर दिखती है असलीयत-** इस मैदान में बाउंड्रीवाल के साथ शेड निर्माण कार्य तो किया गया है, साथ ही इसे आकर्षक बनाने के लिए रंग रोगन भी किया गया है। इस मैदान को दूर से तो खूबसूरत बना दिया गया है, लेकिन जब कोई इस मैदान के अंदर जाता है, तो उबड़-खाबड़ मैदान को देखकर हर कोई अचंभित रह जाता है। इस मैदान में घास लगाने के लिए मिट्टी डाली गई है, जो इतनी उबड़ खाबड़ है कि कोई दौड़ लगाने के लिए भी दस बार सोचे। चूंकि इस मैदान को उबड़ खाबड़ कर घास तो लगा दिया गया है, लेकिन वर्तमान में पानी नहीं मिलने के कारण मैदान का घास सूखती जा रही है। घास में जल्द पानी नहीं डाला गया तो नहीं बचेगी।

## खबर संक्षेप



### सशिमं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में मना रक्षाबंधन

**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में रक्षा बंधन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र भैया लोगों को छात्रा बहनों ने राखी बांधकर भाई बहन दायित्वों का संदेश दिया। इसके पूर्व छात्र बहनों ने आचार्य दीदियों के मार्गदर्शन में टोली बनाकर शासकीय स्कूल सहित नगर के संस्थानों गलियों में जाकर सैकड़ों लोगों की कलाइयों पर राखी बांध कर मुंह मीठा कराते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम को प्राचार्य पीएल बारले, शासकीय कालेज जामगांव आर एवं व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेश केला ने संबोधित करते हुए बच्चों को रक्षाबंधन का महत्व समझाया।

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव को दी गई श्रद्धांजलि



**गुरूर।** विधायक कार्यालय गुरूर में पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा, ब्लाक अध्यक्ष तामेश्वर साहू और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भारत में संचार क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इस दौरान महामंत्री सादीक अली, शासकीय कालेज बासीन के पूर्व अध्यक्ष पुरन साहु, टोमन साहू, डॉ ओंकार साहू, डा. किशोर साहू, बसंत साहू, जनपद पंचायत गुरूर उपाध्यक्ष तोषण साहू, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष जितेन्द्र यादव, पूर्व सरपंच पूर्णेश्वर साहू, टेकलाल साहू, भगवानसिंह मंचुरिया, कुलदीप साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विधायक ने बहनों से बंधवाई राखी

**दुर्ग।** शहर विधायक गजेंद्र यादव को राखी बांधने विधानसभा क्षेत्र की बहने बड़ी संख्या में पहुंची। विधायक भाई का आरती उतारकर तिलक लगाए और भाई के जीवन में सुख समृद्धि बना रहे इसके लिए आशीर्वाद दिए। भाई को राखी बांधने आई बहनों ने अपने साथ घर में बने पकवान और मिठाइयां लेकर पहुंची थी। राखी बंधवाकर विधायक ने बहनों से आशीर्वाद लेकर उपहार भी भेंट किये।

### विधायक ने सिंधु भवन में दिए वाटर कूलर

**दुर्ग।** स्टेशन रोड स्थित सिंधु भवन में विधायक गजेंद्र यादव ने वाटर कूलर प्रदान किये। यहां अरदास के लिए आने भक्तों को शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा, इसलिए सिंधी समाज के वरिष्ठजनो ने की मांग किये थे। आमदी मंदिर वार्ड 24 स्टेशन रोड स्थित सिंधु भवन में बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग अरदास (प्रार्थना) के लिए आते है। समय समय पर समाज के द्वारा विभिन्न सामाजिक धार्मिक आयोजन भी भवन होता है।

**बैठक : कलेक्टर चंद्रवाल ने अधिकारियों को दिए आवेदनों के निराकरण के निर्देश**

# आशा और विश्वास लेकर हमारे पास आते हैं लोग, समय पर करें समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादी

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि आम नागरिक स्थानीय स्तर पर उनके मांगों एवं समस्याओं के निराकरण नहीं होने के बाद अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर जनदर्शन में पहुँचते हैं। कलेक्टर जनदर्शन में पहुँचने वाले सभी आवेदक अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए आशा और विश्वास के साथ हमारे पास पहुँचते हैं। इसलिए हम सभी जिम्मेदार अधिकारियों की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि जनदर्शन में प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों का निर्धारित समयावधि में समुचित निराकरण सुनिश्चित की जाए।

मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से आत्मीय बातचीत कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुँचे लोगों के समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



**आबादी जमीन व शिक्षक की मांग-** जनदर्शन में डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कुम्हालोरी निवासी शांति बाई ने आबादी जमीन प्रदान करने की मांग की। इसी तरह वार्ड क्रमांक 18 जिला मुख्यालय बालोद निवासी राजेश चोपड़ा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में हाई मास्क लाईट लगाने की मांग की। गुरूर विकासखण्ड के ग्राम करेंझर के ग्रामीणों ने प्राथमिक शाला करेंझर में शिक्षक नियुक्त करने की मांग की। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम लिम्हाटोला जंगलूराम ने अपने घर में बिजली मीटर लगाने की मांग की। ग्राम कोसागोंदी के ग्रामीणों ने अपने गांवों के नाला में स्टॉप डेम निर्माण करने की मांग की।

**निस्तारी तालाब में मछली पालन नहीं कराने की मांग-** इसी तरह रीवांगहन के ग्रामीणों ने शराब सेवन कर स्कूल आने वाले प्राथमिक शाला रीवागहन के प्रधानपाठक को तत्काल हटाने तथा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। गुरूर विकासखण्ड के ग्राम भोथली के ग्रामीणों ने अपने गांव के निस्तारी तालाब में मछली पालन नहीं कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में पहुँचे लोगों ने कलेक्टर चन्द्रवाल एवं अधिकारियों से मुलाकात कर अपने मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।

## डायरिया, हैजा जैसी जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए करें प्रभावी उपाय

**कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में वर्षा ऋतु के दौरान होने वाले डायरिया, हैजा आदि जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय निकाय तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा है।

कलेक्टर चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से जिले के डायरिया प्रभावित ग्रामों में बीमारी की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित ग्रामों को चिन्हित कर तत्काल इसकी रोकथाम के लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने कहा। चन्द्रवाल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय निकाय एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को पानी टंकी सहित पेयजल आपूर्ति के सभी स्त्रेतों की नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पानी की आपूर्ति हेतु लगाए गए पुराने एवं खराब पाईप को बदलकर नये पाईप लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पूरे समय मुस्तैद रहकर स्थिति पर नजर रखने तथा बीमारी के प्रसार के संबंध में जानकारी मिलने पर उसकी रोकथाम के उपाय करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से सिकल सेल जाँच कार्य प्रगति एवं इस बीमारी के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में उन्होंने जिले में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, एनिमिया जाँच के कार्य के प्रगति की भी समीक्षा की।




### शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में ली जानकारी

चन्द्रवाल ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के शिक्षक विहीन शालाओं में अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन कराने हेतु शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने शाला भवनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जर्जर भवनों के मरम्मत हेतु शीघ्र प्राक्कलन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। चन्द्रवाल ने जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कृषि विभाग के उपसंचालक को निर्धारित तिथि तक जिले के शत प्रतिशत कृषकों का पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री जनदर्शन से प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# अंतर्जातीय विवाह करने वाला जोड़ा धोबी समाज में शामिल



**नवयुगल के आवेदन पर प्रदेश अध्यक्ष ने दी स्वीकृति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

धोबी समाज के नवयुवक रामनगर सुपेला निवासी सूरज निर्मलकर ने साहू समाज की बालिग कन्या से प्रेम विवाह किया था। इन लोगों ने आर्य समाज मंदिर में रजिस्टर्ड मैरिज भी की थी। इस प्रेमी जोड़े ने समाज के समक्ष उन्हें समाज में शामिल करने की गुहार लगाई थी। दुर्ग जिला समाज ने प्रदेश समाज को अनुशंसा पूर्वक समाज में शामिल करने का आग्रह किया। समस्त जानकारी प्राप्त करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने उक्त प्रेमी जोड़े को समाज में शामिल करने का निर्देश जारी किया।

प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर ने बताया कि इसके बारे में यह जानकारी मंगाई गई थी की लड़का हमारे धोबी जाति का है भी कि नहीं, जिसका आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र सभी दस्तावेजों को सूक्ष्म जांच जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर ने की। उसके बाद समाज में इश्तिहार जारी किया गया, उसके बाद उन्हें समाज में शामिल किया गया। यह भी कहा गया कि इस प्रेमी जोड़े की आने वाली संतान धोबी जाति की कहलाएगी और समाज के हर सुख-दुख सामाजिक कार्यक्रम में भाग भी ले सकते हैं, परंतु समाज के किसी पद से इन्हें नवाजा नहीं जाएगा। आज इस प्रेमी जोड़े को राजधानी के नातिन धोबिन दाई परिसर बोरिया खुर्द में प्रमाण पत्र देकर समाज में शामिल किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री महावीर कर्ष, रायपुर के जिला अध्यक्ष जगमोहन निर्मलकर, सुपेला परिक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष गौतम रजक एवं परिवारजन शामिल रहे।

अग्रसेन
प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शिकसा के सदस्यों ने सावन व रक्षाबंधन पर गीतों की दी प्रस्तुति

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने सावन के अंतिम सोमवार व रक्षाबंधन के अवसर पर कार्यक्रम शिकसा आया सावन झूम के व रक्षाबंधन का आयोजन संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान की उपस्थिति व टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली के अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने सावन व रक्षाबंधन पर मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में हरनारायण साहू, मोहित कुमार शर्मा, तारा बन्छोर, प्रियंका सिन्हा, शकुन्तला बंजारे, हेमराज निषाद, दिलीप श्रीवास, मंजू लता मेरसा /"कृष्णा मानसी/", आयांश मेरसा, अर्चना ढोबले, अनिता श्रीवास, रूक्मणी साहू, संगीता शोरी, दिनेश कुमार दुबे, मनोहर लाल यादव, रामलाल कोसले, सावित्री सोनकर, रामकुमार पटेल, हरमन कुमार बघेल, कविता श्रीवास, ओ.पी. कौशिक रतनपुरिहा, शकुन्तला सहंश, चन्द्र कुमार चन्द्रा, सुमनलता साहू, हेमा चन्द्रवंशी, सविता जायसवाल ने सावन व रक्षाबंधन पर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राधेश्याम कवंर तथा आभार प्रर्दशन डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने किया।

### जुन्नापानी में लगाए गए 450 पौधे



**डौंडीलोहारा।** जिले के अंतिम छोर में बसा वनांचल ग्राम जुन्नापानी में सामुदायिक वन अधिकार समिति द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से पौधारोपण किया गया। 18 अगस्त को जंगल से लगे हुए श्मशान घाट के पास खाली जगह पर 450 पौधे लगाए गए। इनमें 300 फलदार व 150 नग छायादार पौधे शामिल हैं। ग्राम जुन्नापानी में दो वर्ष पूर्व सामुदायिक वन अधिकार समिति एवं पारंपरिक ग्राम सभा का गठन किया गया है। जिसके द्वारा गांव में रचनात्मक कार्य किए जाने की योजना बनाई गई है। इन्हीं के अथक प्रयास से वृक्षारोपण का कार्य संपादित किया गया। इस अवसर प ग्राम पंचायत जुन्ना पानी के सरपंच पूनाराम सिन्हा, ग्राम पटेल चंद्रशेखर सुकतेल, ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष सेवाराम हिरवानी, वन अधिकार समिति के अध्यक्ष हलधर खांडेकर ,सचिव संख कुमार नायक एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक त्रिलोचन सुकतेल एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### बिटाल हायर सेकंडरी स्कूल के विधायक प्रतिनिधि बने यशवंत

**कुसुमकसा।** डोंडी लोहारा विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया



द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल बिटाल के विधायक प्रतिनिधि पद पर यशवंत बोरकर की नियुक्ति की गई। यशवंत बोरकर को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया है।

### निधन

### शांति बाई साहू

**गुरूर।** नगर में शांति बाई साहू का



स्वर्गवास हो गया। वे तहसील साहू संघ गुरुर युवा प्रकोष्ठ के पूर्व सहसंयोजक व शिक्षक नरेंद्र साहू की दादी थीं। उनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया।

---

**प्रतिज्ञा : बुराइयों को छोड़ने और एक गुण को अपनाने की दिलाई प्रतिज्ञा**

# ब्रम्हाकुमारी बहनों ने जवानों को बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुरुर की बहनों ने 14 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल धनोरा (बालोद) में रक्षाबंधन पर बटालियन के जवानों को राखी बांधी।

उप सेवा केंद्र संचालिका बीके. चंद्रप्रभा बहन ने बताया कि इस कलयुग में दुनिया में आज कोई भी सुरक्षित नहीं है। बहनें अपने भाई के हाथ में राखी बांधती हैं और कहती हैं कि भाई बहन की रक्षा करेगा, लेकिन आज के समय में भाई भी सुरक्षित नहीं है, उन्हें भी परमात्मा सुरक्षा सूत्र की जरूरत है, क्योंकि आज की दुनिया इतनी तमोप्रधान हो गई है, कि कहीं भी कोई भी किसी भी समय किसी भी दुर्घटना का शिकार हो सकता है। ऐसे में हमारी रक्षा सिर्फ एक परमात्मा ही कर सकते हैं, हमें आज जरूरत है परमात्मा शक्तियों की जो राजयोग से ही प्राप्त हो सकता है।

इसी कड़ी में बीके ओम बहन ने कहा कि हम सभी के अंदर अपार शक्तियां समाहित है। जरूरत है तो बस इन शक्तियों को जागृत करने की, राजयोग से हम आत्मा की सभी शक्तियों को जागृत कर सकते हैं, आप सभी लोग राजयोग सीख कर सुख शांति का जीवन व्यतीत कर सकते हैं, इसके लिए आप सभी हमारे संस्था में निःशुल्क कोर्स कर सकते हैं। साथ में सभी से अपने भीतर की बुराइयों को छोड़ने का और एक गुण को अपनाने की प्रतिज्ञा दिलाई।







### जयंत ने ब्रह्माकुमारी बहनों के साथ मनाया रक्षाबंधन

**गुरूर।** समाज सेवी जयंत किरी ने नगर के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी केंद्र गुरुर में ब्रह्माकुमारी बहनों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया। ब्रह्माकुमारी केंद्र में ब्रह्मकुमारी बहनों ने जयंत किरी को रक्षा सूत्र बांधा।



### सरस्वती शिशु मंदिर गुरूर में मनाया गया रक्षाबंधन

**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर गुरूर में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आचार्य द्वारा रक्षाबंधन के बारे में भैया बहनों को जानकारी दी गई। उसके बाद विद्यालय की बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुरलीधर साहू ने रक्षाबंधन के बारे में भैया बहनों को जानकारी दी। कार्यक्रम में गिरेंद्र शर्मा, सुदर्शन साहू, मनीष कुमार सरोज, तुकेश्वरी, रेखा रावटे, रेवती, भुनेश्वरी, दुर्गेश साहू, सुनीता नेताम उपस्थित थे।



### शुभ मुहूर्त पर बहनों ने भाइयों को बांधी राखी

**अंडा।** भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने दोपहर 1:30 बजे के बाद अपने भाईयों को राखी बांधी। बहनों ने भाईयों की कलाई में राखी बांधकर जहां उनके लिए मंगल कामना की, वहीं भाईयों ने बहनों की रक्षा का वचन दिया। रक्षा बंधन के त्यौहार को लेकर वैसे तो सुबह से ही क्षेत्र में गहमा-गहमी शुरू हो गई थी। लेकिन, जहां तक राखी बांधने का सवाल है तो शुभ मुहूर्त देखकर ही बहनो ने अपने भाईयों की कलाईयों में राखियां बांधी। पर्व को लेकर खासकर छोटे बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। त्यौहार को लेकर बाजार में भी काफी गहमा-गहमी रही। वहीं बसों व टैक्सियों में खासी भीड़ देखी गई।

## ब्रम्हाकुमारी बहनों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों को बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद की ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपने सेवाकेन्द्र के अलावा विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों को राखी बांधी। उन्होंने नगर के वृध्दाश्रम, अनाथ आश्रम, मूकबधिर, घरौंदा आश्रम के अलावा नगर की 21 वीं बटालियन के जवान, जिला जेल, वन विभाग, कोतवाली थाना, बिजली विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी के अलावा नगर के नगर अध्यक्ष विकास चोपड़ा, जिलाध्यक्ष इंद्रजीत चंद्रवाल, एसपी एसआर भगत, डीएसपी देवांश राठौर, टीआई रविकांत पाण्डेय एवं नगर के गणमान्य भाई–बहनों को राखी बांधी और रक्षाबंधन का रहस्य बताया।





## शिशु मंदिर की बहनों ने मरीजों को बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधी। बाल भारती,किशोर भारती के भैया बहनों के बीच राखी बनाओ प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें अधिक संख्या में बच्चों की भागीदारी रही। विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख सोनम सिन्हा ने बताया कि विद्यालय के कन्या भारती की बहनों ने भगवान महावीर समता चिकित्सालय में जाकर वहां उपस्थित मरीजों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके मंगल स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारीगण,संस्था के प्राचार्य सहित शाला परिवार उपस्थित रहे।



## ब्रह्माकुमारी बहनों ने पुलिस के जवानों को बांधी राखी



**डौण्डीलोहारा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र में भाई-बहनों के पवित्र स्नेह व प्यार का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन श्रद्धाभाव से मनाया गया। ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताया कि परम पिता परमात्मा के स्नेह प्यार का पवित्र बंधन है रक्षाबंधन। रक्षाबंधन कोई शारीरिक रक्षा के लिए नहीं, बल्कि आत्मा की बुराईयों,विषय विकारों एवं व्यसनों से रक्षा करने का सूचक है और इस रक्षा की जरूरत केवल बहनों को ही नहीं बल्कि भाईयों को भी है।आइए, इस महान पर्व पर हम यह दृढ़ संकल्प करें कि अपने मन, वचन, कर्म को पूर्ण पवित्र बनाकर हर नर-नारी के प्रति पवित्र दृष्टि रखते हुए उन्हें सम्मान देंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी भाई-बहनों को राखी बांधी गई। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा नगर के गणमान्य नागरिकों एवं पुलिस थाना डौण्डीलोहारा के थाना प्रभारी एवं जवानों को राखी बांधी गई एवं मुंह मीठा कराया गया।

---

# अरमरीकला में हुई विकासखंड स्तरीय शालेय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

विकासखंड स्तरीय शालेय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन अरमरीकला में किया गया। उद्घाटन समारोह में संस्था के प्राचार्य एएस कौशिक एवं व्याख्याता पीएल साहू एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

विकासखंड गुरुर के क्रीड़ा प्रभारी ज्ञान सिंह, क्रीड़ा प्रभारी होमराज सिन्हा एवं व्यायाम शिक्षक भी उपस्थित थे। प्राचार्य ने कहा कि खेल में हार जीत मायने नहीं रखता। आप अपने विद्यालय से कितने बच्चों के बीच से चयनित होकर भाग ले रहे हैं यह अन्य के लिए प्रेरणादायी है।

एथेलेटिक्स स्पर्धा के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता हुई जिसमें गुरूर विकास खण्ड के विभिन्न विद्यालय से लगभग 300 बच्चे सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विकासखंड गुरूर के व्यायाम शिक्षक, विद्यालय परिवार के व्याख्याता, पीएल. साहू, एमके सेन, जीआर साहू, डीएम. साहू, एनके साहू, सीआर साहू, पी. देशलहरा, व्हीके चंद्राकर, डीके ठाकुर, अष्ठानुज, एच माण्डवकर, एन चद्रिरकापुरे, के ताम्रकार, एसआर चौधरी, एम निशा, एम साहू, सीएल देवांगन, एच देशमुख, व्ही गोयल, पी गुप्ता, राहुल, विवेकानंद, उइके, एस रेड्डी, पदमनी, किरण, तृप्ति, मोनिका, गीतांजलि, सोनम राम, शिव कुमार साहू, भीम यादव, लिपिक कल्याणी साहू, भागबती रात्रे, शालानायक धनंजय कुमार, उपशालानायक अनुष्का सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं का योगदान रहा। व्यायाम शिक्षक शैलेन्द्र सिन्हा और अभिषेक जायसवाल ने आभार व्यक्त किया।

**स्पर्धा में गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 300 बच्चों ने दिखाई प्रतिभा**



# पार्षद कमलेश और उनके साथियों ने महिलाओं को बांटा पसहर चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

हलषष्ठी पर्व जिसे हम कमरछठ पर्व के नाम से भी जानते हैं इस दिन माताएं अपने पुत्र की लम्बी आयु के लिए व्रत रखती है। व्रती माताएं विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना कर पसहर चावल से बनी भात और 6 प्रकार की भाजियों से बनी सब्जी खाकर अपना व्रत खोलती हैं। इस व्रत में मुख्य रूप से पसहर चावल का ही महत्व रहता है तथा इसका उपयोग किया जाता है।

विगत 20 वर्षों से वार्ड क्रमांक 2 सहित आस-पास के क्षेत्रों में माताओं को कमरछठ पर्व के अवसर पर बालोद नगर पालिका के पार्षद कमलेश सोनी व उनके युवा साथियों द्वारा पसहर चावल का वितरण किया जाता है। इसी तारतम्य में इस वर्ष बालोद नगर की लगभग 6000 से अधिक महिलाओं को घर पहुंचाकर



हलषष्टी पर्व के 8 दिन पूर्व ही कमलेश सोनी एवं उनके साथियों ने पसहर चावल उपलब्ध कराया। वहीं, सुबह से शाम तक शहर को स्वच्छ रखने वाली मणिकंचन केंद्र में उपस्थित स्वच्छता दीदियों को भी पसहर चावल दिया गया। पसहर चावल वितरण करने वालो में प्रमुख रूप से सुरेश निर्मलकर, अमित चोपड़ा, विनोद जैन, मोनू नरेंद्र सोनवानी, पार्षद राजू पटेल, सरोजनी, डोमेंद्र साहू, लेखन बसंती साहिरो, दीपक देवांगन, राजेश साहू, विमल साहू, हितेश्वरी कौशिक, अजय बाफना, कमल पंपलिया, लोकेश साहू, अम्बिका यादव, सुनिता मनहर, प्रतिमा यादव, प्राची विक्रम ललवानी, दयालराम बघेल, शेखर वर्मा, मन्नू झोरी, जीतू निर्मलकर, काजल सोनी, रोहिणी साहू, भोजेश्वरी साहू, कमलेश गौतम, महेश पाठक, पिंटू सारथी, एवन साहू, गिरीश नायडू, चिंता राम साहू, हरीश दुबे, शेखर यादव, मयंक योगी, सुनील यादव, पिंटू साहू, तुलेश साहू, चेतन निर्मलकर, ज्ञानेश सोनकर, राहुल साहू, टिकेश साहू, संतोष साहू, धनराज साहू, सचिन मंडावी, मुरली साहू उपस्थित थे।

---

**बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति**

# मड़ियाकट्टा में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा।

विकासखंड के आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा में 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम मनाया गया। राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने शाला परिसर में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देकर वीर शहीदों को नमन किया। उसके बाद रैली निकालकर गांव भ्रमण कर विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत में ध्वजारोहण उपसरपंच कमलेश्वरी टेभूर्ने, हृदय स्थल पर ग्राम पटेल संतराम सहारे, आंगनबाड़ी केंद्र एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अश्वन मण्डावी, केंद्र क्रमांक दो में रुकमणी मण्डावी ने ध्वजारोहण किया। इसी तरह सभी वार्डों में वार्ड प्रमुखों ने ध्वजारोहण किया। ग्राम भ्रमण के बाद शाला प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतराम सहारे थे, अध्यक्षता प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने की। विशेष अतिथि फत्ते सिंह ठाकुर अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति माध्यमिक, सुखेन्द सहारे अध्यक्ष प्राथमिक, यशवंत मण्डावीं, गिरिवर सिंह कोलियारे, आनंदराम मण्डावीं, चैतराम ठाकुर, रामस्वरूप नेताम, रोहित कुमार टेभूर्ने, दीपक कुमार यादव, भागवानी सिन्हा, नारदराम भुआर्य एवं ग्रामीणों उपस्थित थे। प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने शाला की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। इसके साथ ही प्रयास विद्यालय एवं राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा चयनित विशाल कान्हा मण्डावी, इंस्पायर अवार्ड चयनित तृप्ति सिन्हा कक्षा सातवीं, योगेन्द्र कुमार कक्षा छठवीं, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विकासखंड में कक्षा आठवीं की छात्रा हंसरिता के चयनित होने की जानकारी दी। इसी प्रकार पंचायत सचिव पवन कुमार सोनी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। उसके बाद बच्चों ने देश भक्ति गीतों के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। प्रश्न मंच का भी आयोजन किया गया। सभी प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गिरिवर सिंह कोलियारे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक परसराम साहू, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, भूमिका मोवाड़े, पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।





